
gradeup

# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

## 01 - 07 दिसंबर 2017




www.gradeup.co

# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

## 1-7 दिसम्बर 2017

प्रिय पाठकों,

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट **प्रथम सप्ताह** (**1-7**) दिसम्बर **2017** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है यह फ़ाइल **बैंकिंग साक्षात्कार** और आगामी बैंकिंग परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

## बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. आर.बी.आई ने वर्ष 2017-18 के लिए अपने पांचवें द्वि-मासिक मौद्रिक विवरण की घोषणा की और ब्याज दरों (रेपो रेट) को कितने प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है__**6%**।
   - **रिवर्स रिपो रेट** - 5.75%
   - **सीमांत स्थायी सुविधा दर** (Marginal Standing Facility Rate (MSF)) - 6.25%
   - **बैंक दर** - 6.25%
   - **नकद आरक्षित अनुपात** (Cash Reserve Ratio (CRR)) - 4%
   - **सांविधिक चलन अनुपात** (Statutory Liquidity Ratio (SLR)) - 19.5%
2. अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी फिच ने वर्ष 2017-18 के लिए भारत की जी.डी.पी विकास के पूर्वानुमान को कम करके कितने प्रतिशत कर दिया है___**6.7%।**

   **नोट:**
   - इससे पूर्व का पूर्वानुमान 6.9% था।
   - इसके साथ ही एजेंसी ने वर्ष 2018-19 वित्तीय वर्ष के लिए जी.डी.पी विकास पूर्वानुमान को भी 7.4% से कम करके 7.3% कर दिया है।
3. किस देश ने अमेरिकीय वित्तीय नाकाबंदी (ब्लॉकेज) से निपटने के लिए 'पेट्रो' नामक एक डिजिटल मुद्रा को लॉन्च किया है_ **वेनेजुएला**

   **नोट:**
   - क्रिप्टो करेंसी 'पेट्रो', वेनेजुएला के तेल, खनिज, एवं सोने के भंडार द्वारा समर्थित की जाएगी। इससे वेनेजुएला को वित्तीय लेने-देन करने और वित्तीय नाकाबंदी को दूर करने में सहायता मिलेगी।
4. एक रुपये के नोट ने किस दिन सौ वर्ष पूरे किए____**30 नवंबर, 2017।**

   **नोट:**
   - एक रूपये का पहला नोट 30 नवंबर, 1917 को 'किंग जॉर्ज V' के चित्र के साथ जारी किया गया था।
   - एक रूपये का नोट वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किया जाता है, और इस पर वित्त सचिव के हस्ताक्षर होते हैं।
5. नवंबर 2017 में, यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यू.पी.आई) पर लेन-देन की संख्या किस आंकड़े को पार कर गई है__**10 करोड़**।

   **नोट:**
   - यू.पी.आई एक मोबाइल-डिजिटल भुगतान इंटरफेस है जो कि भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एन.पी.सी.आई) द्वारा शुरू किया गया है।

- सितंबर में यह 3 करोड़ तक पहुंच गया था और जो अक्टूबर में बढ़कर 7.67 करोड़ हो गया।

**6.** पेटीएम पेमेंट्स बैंक ने पेटीएम फास्टैग को कहां लॉन्च किया है__**भारत**।

**नोट:**

- सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार, 1 दिसंबर से बेचे जाने वाले प्रत्येक नए वाहन पर 'फास्टैग' का प्रयोग किया जाना अनिवार्य है।
- फास्टैग, रेडियो-फ्रिक्वेंशी आइडेंटिफिकेशन टेक्नोलॉजी (radio-frequency identification technology (RFID)) पर आधारित सरल और पुन: प्रयोग किया जा सकने वाला टैग हैं जो किसी वाहन की विंडस्क्रीन पर लगाए जाते हैं और यह पूरे देश के राजमार्गों पर इलेक्ट्रॉनिक टोल शुल्क संग्रह को सक्षम बना सकते हैं।

**7.** किस बैंक ने 'रिलायंस बांग्लादेश' तरलीकृत प्राकृतिक गैस एवं ऊर्जा परियोजना को विकसित करने के लिए वित्तपोषण और आंशिक जोखिम की गारंटी सहित 58.3 करोड़ डॉलर का ऋण प्रदान किया है_ **एशियाई विकास बैंक**।

**नोट:**

- यह परियोजना बांग्लादेश में ऊर्जा उत्पादन और ऊर्जा के बुनियादी ढांचे में सुधार करेगी।
- यह ऊर्जा परियोजना ढाका के निकट मेघनाघाट में स्थित है, और एल.एन.जी टर्मिनल, कुतुबडिया द्वीप के निकट चिटगोंग के दक्षिण में स्थित है।

**8.** हाल ही में, किस बैंक ने अपना रूपे सिलेक्ट और रुपे प्लेटिनम क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है_ **कॉरपोरेशन बैंक**।

**नोट:**

- कॉरपोरेशन बैंक के रुपे क्रेडिट कार्ड भारत में 1.5 मिलियन से अधिक सभी रूपे सक्षम पी.ओ.एस टर्मिनल और 80,000 से अधिक ई-कॉमर्स व्यापारियों और सभी आई.सी.एस पार्टनर स्वीकृत प्वांइट पर वैश्विक स्तर पर स्वीकार किए जाते हैं।

**9.** एक्सिस बैंक की कौन सी सहायक कंपनी, एन.सी.डी.ई.एक्स के साथ पंजीकृत होने के साथ ही कमोडिटी एक्सचेंज की सदस्यता लेने वाली बैंक की पहली ब्रोकिंग (दलाली) शाखा बन गई_ **एक्सिस सिक्योरिटीज**।

**नोट:**

- एन.सी.डी.ई.एक्स के साथ पंजीकरण करके एक्सिस सिक्योरिटीज एक कमोडिटी एक्सचेंज की सदस्यता लेने वाली बैंक की पहली ब्रोकिंग शाखा बन गई है।

## नयी नियुक्तियाँ

**1.** प्रसार भारती बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में किसे पुन: नियुक्त किया गया है__ **सूर्य प्रकाश**।

**नोट:**

- कार्यकाल की अवधि 8 फरवरी, 2020 तक होगी।
- प्रसार भारती की स्थपना 1900 के संसद अधिनियम के तहत, एक स्वायत्त निकाय के रूप में हुई थी। यह भारत की सबसे बड़ी सार्वजनिक प्रसारण एजेंसी है। इसके अंतर्गत दूरदर्शन टेलीविजन और अखिल भारतीय रेडियो शामिल हैं।

**2.** नए आयुध निर्माणी महानिदेशक (डी.जी.ओ.एफ) और आयुध कारखाना बोर्ड (ओ.एफ.बी) के अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया है__ **सुनील कुमार चौरासिया**।

**नोट:**

- इससे पहले, वह आयुध निर्माण बोर्ड के सदस्य थे और सामग्री एवं अवयव विभाग के प्रभारी थे।

3. भारत के लिए संयुक्त राष्ट्र पर्यावरणीय सद्भावना राजदूत__**दीया मिर्जा**।

   **नोट:**

   - एक सद्भावना राजदूत के रूप में, दीया मिर्जा, संयुक्त राष्ट्र के सहयोग के माध्यम से प्रमुख क्षेत्रों से संबंधित संदेश का प्रसार करेंगीं, जिसमें जलवायु परिवर्तन, वन्यजीव संरक्षण और स्वच्छ हवा एवं समुद्र शामिल हैं।

4. इन्फोसिस के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक__**सलिल एस. पारेख**।

   **नोट:**

   - उनकी नियुक्ति जनवरी, 2018 से प्रभावी होगी।
   - अंतरिम सी.ई.ओ और एम.डी यू. बी. प्रवीण राव, 2 जनवरी, 2018 को सेवानिवृत्त होंगे और कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी एवं पूर्णकालिक निदेशक के रूप में कार्य करेंगे।

## सम्मान और पुरस्कार

1. याहू के 'पर्सनालिटी ऑफ द ईयर' के रूप में किसे नामित किया गया__**अमित शाह**।

   नोट:

   - प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी सबसे अधिक सर्च किए जाने वाले व्यक्ति रहे और उन्हें याहू द्वारा वर्ष 2017 के 'पर्सनालिटी ऑफ द ईयर के रूप में पीपुल्स च्वाइस अवार्ड' से सम्मानित किया गया।
   - 'सर्वाधिक सर्च किया गया संवादयुक्त शब्द'- **आधार**
   - 'टॉप बिजेनेस स्टोरी'- **जी.एस.टी**
   - 'सर्वाधिक सर्च की जाने वाली महिला'- **सनी लियोन**

2. किस ब्रिटिश गायक-गीतकार को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरणीय वैश्विक सद्भावना राजदूत के रूप में चुना गया है___**ऐली गोल्डिंग**।

   **नोट:**

   - संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (The United Nations Environment Programme) की स्थापना जून, 1972 में मौरिस स्ट्रॉन्ग द्वारा की गई थी।
   - यू.एन.ई.पी का मुख्य उद्देश्य पर्यावरणीय गतिविधियों को बढ़ावा देना और पर्यावरण संबंधी नीतियों और प्रथाओं को लागू करने में विकासशील देशों की सहायता करना है।

3. सीरियाई शरणार्थी बच्चों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के अपने प्रयासों के लिए किसे अंतर्राष्ट्रीय बाल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है_**मोहम्मद अल जौंदे**।

   **नोट:**

   - उन्होंने एक लेबनान शरणार्थी शिविर में अपने परिवार की सहायता से एक स्कूल की स्थापना की जो 200 बच्चों को शिक्षा प्रदान करता है।

4. वर्ष 2017 के लिए टाइम्स पर्सन ऑफ द ईयर से किसे सम्मानित किया गया_**द साइलेंस ब्रेकर्स**।

   **नोट:**

   - टाइम मैगज़ीन ने वर्ष 2017 के लिए 'द साइलेंस ब्रेकर्स' को अपने पर्सन ऑफ द ईयर के रूप में नामित किया है, जिसमें उन महिलाओं और पुरुषों का उल्लेख किया गया है जिन्होंने अमेरिका में शक्तिशाली लोगों द्वारा किए यौन उत्पीड़न और अपराधों के प्रति आवाज उठाई है।
   - इस वर्ष के लिए 'पर्सन ऑफ द ईयर' के उप-विजेता राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रहे, जो वर्ष 2016 में टाइम के 'पर्सन ऑफ द ईयर' थे।

5. एक सर्वेक्षण के अनुसार, दुनिया में दूसरा भारत का सबसे अच्छा यूनेस्को विश्व विरासत स्थल है_ **आगरा का ताजमहल**।

**नोट:**

- यह सर्वेक्षण दुनिया के सबसे बड़े यात्रा पोर्टल 'ट्रिप एडवाइजर' (TripAdvisor) द्वारा आयोजित किया गया था जिसमें यूनेस्को सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत स्थलों की सूची दी गई है, जो दुनिया भर के यात्रियों द्वारा मूल्यांकित है।
- कंबोडिया के अंकोर वाट को सर्वश्रेष्ठ यूनेस्को विश्व विरासत स्थल के रूप में नामित किया गया है।
- अंकोरवाट दक्षिण-पूर्व एशिया में स्थित सबसे महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थलों में से एक है।

## महत्वपूर्ण समाचार – भारत

1. 'कथाकार- अंतर्राष्ट्रीय कहानीकार महोत्सव' का सातवां संस्करण आरंभ हुआ_ **इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आई.जी.एन.सी.ए), नई दिल्ली**।

**नोट:**

- महोत्सव वर्ष 2010 में यूनेस्को के तत्वावधान में प्रारंभ किया गया था।
- यह भारत का एकमात्र मौखिक कथावाचक महोत्सव है और यह 'घुमक्कड़ नारायण- यात्रा साहित्य महोत्सव' का एक भाग है।

2. भारत और यू.के के बीच एक संयुक्त सैन्य अभ्यास 'अजेय योद्धा- 2017' आरंभ हुआ__**राजस्थान**।

**नोट:**

- यह अभ्यास राजस्थान में बीकानेर के निकट 'महाजन फील्ड फायरिंग रेंज' में आयोजित किया जा रहा है।
- इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग एवं समन्वय में वृद्धि करना है।

3. लघु किसान कृषि व्यवसाय सहायता संघ की 22 वीं बैठक आयोजित की गई__**नई दिल्ली**।

**नोट:**

- लघु किसान कृषि व्यवसाय सहायता संघ (एस.एफ.ए.सी) वर्ष 1994 में स्थापित एक स्वायत्त संस्था है और यह सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के तहत पंजीकृत है।

4. आयुष एवं कल्याण क्षेत्र पर पहली अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी एवं सम्मेलन- 2017 कहां आयोजित किया गया__**नई दिल्ली**।

**नोट:**

- सम्मेलन का विषय 'आयुष की वैश्विक क्षमता को बढ़ाना' है।
- आयुष का संक्षिप्त नाम 'आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी' है।

5. भारत के सबसे बड़े गतिमान सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया गया__**केरल**।

**नोट:**

- यह संयंत्र केरल के 'बाणासुर सागर बांध' पर बनाया गया है।
- संयंत्र की क्षमता 260 वॉट, एक 500 किलो वोल्ट एम्पीयर (के.वी.ए) ट्रांसफार्मर और 17 इनवर्टर की है। इसमें 1,938 सोलर पैनल भी लगे हुए हैं।

6. उत्तर प्रदेश का कौन सा जिला राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एन.सी.आर) में शामिल किया गया है_ **शामली**।

**नोट:**

- यह निर्णय 'राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड' की 37 वीं बैठक में लिया गया।
- अब राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिलों की कुल संख्या 23 हो गई है।

7. छठा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट 2017 कहां आरंभ हुआ__**गुवाहाटी**।

**नोट:**

- पर्यटन मंत्रालय द्वारा सभी पूर्वोत्तर राज्यों के साथ मिलकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- मार्ट का प्रमुख उद्देश्य घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में इस क्षेत्र की पर्यटन क्षमता को उजागर करना है।

8. ब्रह्मोस एयर-लॉन्च्ड क्रूज मिसाइल के लिए अतिरिक्त 100 यूनिट एयरफ्रेम ईंधन प्रबंधन प्रणाली प्रदान करने हेतु ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (बी.ए.पी.एल) से नया अनुबंध किसने हासिल किया_ **गोदरेज एयरोस्पेस**।

**नोट:**

- गोदरेज एयरोस्पेस ने हाल ही में, मिसाइल हेतु अपने 100 वें एयरफ्रेम की आपूर्ति पूरी की थी।

## राज्य समाचार

1. गोवा के मुख्यमंत्री 'मनोहर पर्रिकर' ने भारत में किसान समुदाय की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक किसान कार्य एप्लिकेशन लॉन्च किया है____ **जय किसान**।

**नोट:**

- इस ऐप की सहायता से, देश के किसान कृषि और खेती, फसल सुरक्षा, संरक्षण, बीज और नैदानिक सेवाओं आदि संबधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
- यह ऐप किसानों को उनकी कृषि से प्राप्त आय से संबंधित निर्णयों में सहायता के लिए व्यापारिक वस्तु की कीमतों और पांच-दिवसीय मौसम पूर्वानुमान जैसी अन्य सेवाएं भी प्रदान करता है।

2. हॉर्नबिल महोत्सव हर वर्ष 1-10 दिसंबर को कहां मनाया जाता है___**नागालैंड**।

**नोट:**

- इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य नागालैंड की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना है।
- महोत्सव का नाम भारतीय हॉर्नबिल, एक बड़ा और रंगीन जंगली पक्षी, के नाम पर है, जो राज्य की अधिकांश जनजातियों की पौराणिक कथाओं में मिलता है।

3. कोणार्क महोत्सव का 31 वां संस्करण कहां आरंभ हुआ_**ओडिशा**।

**नोट:**

- यह महोत्सव प्रत्येक वर्ष 1 से 5 दिसंबर को आयोजित किया जाता है।
- महोत्सव का उद्देश्य विविध भारतीय नृत्य विरासत के साथ-साथ कोणार्क मंदिर और ओडिशा की पर्यटन स्थल के रूप में लोकप्रियता को बढ़ावा देना है।
- महोत्सव वर्ष 1986 में पहली बार मनाया गया, जो राज्य में ओडिशा पर्यटन और ओडिसी अनुसंधान केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था।

## महत्वपूर्ण समाचार – विश्व

1. किस देश को अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन परिषद में पुन: निर्वाचित किया गया__ **भारत।**

**नोट:**

- 'जर्मनी' के 146 वोटों के बाद, भारत ने सदस्य देशों से दूसरे स्थान पर सबसे अधिक 144 वोट प्राप्त किए हैं।
- अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (आई.एम.ओ) एक संयुक्त राष्ट्र एजेंसी है जो वैश्विक शिपिंग उद्योग के संबंध में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

2. दक्षिण कोरिया के सियोल में संयुक्त राज्य अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने अपना सबसे बड़ा वायु अभ्यास आरंभ किया___ **विजिलेंट ऐस (Vigilant Ace)**

**नोट:**

- पांच-दिवसीय संयुक्त अभ्यास, उत्तर कोरिया द्वारा सबसे उन्नत इंटरकांटिनेंटल बैलिस्टिक मिसाल 'ह्वासांग 15 (Hwasong 15)' के परीक्षण के बाद प्रारंभ हुआ।
- संयुक्त अभ्यास, तैयारी और परिचालन क्षमता में वृद्धि करने और कोरियाई प्रायद्वीप पर शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आयोजित किया गया है।

3. शंघाई सहयोग संगठन के सरकारी परिषद के प्रमुखों की 16 वीं बैठक कहां आयोजित हुई___ **सोची, रूस**।

**नोट:**

- वर्ष 2018 में, एस.सी.ओ के सरकारी परिषद प्रमुखों की अगली बैठक 'तजाकिस्तान' में आयोजित की जाएगी।

4. ईरान के राष्ट्रपति 'हसन रूहानी' ने चाबहार बंदरगाह परियोजना के पहले चरण का उद्घाटन किया है जिसे अन्य किस नाम से जाना जाता है___ **शाहिद बेहेश्ती बंदरगाह**।

**नोट:**

- बंदरगाह के उद्घाटन के साथ, ईरान, भारत और अफगानिस्तान के बीच बिना पाकिस्तान जाए, एक नया रणनीतिक मार्ग बन गया है।
- चाबहार की शाहिद बेहेश्ती बंदरगाह, अब हिंद महासागर में स्थित ईरान में एकमात्र और सबसे बड़ी बंदरगाह है और अब यह पूरे देश के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास में भी सहायता प्रदान करेगा।

5. किस देश ने प्रवासियों और शरणार्थियों के परिस्थिति प्रबंधन में सुधार लाने के लिए संयुक्त राष्ट्र प्रवासी एवं शरणार्थी संधि से स्वयं का नाम वापस ले लिया__ **संयुक्त राज्य अमेरिका**।

नोट:

- अगस्त, 2017 में, संयुक्त राज्य अमेरिका, पेरिस स्थित संस्कृति एवं शिक्षा निकाय से बाहर निकल गया था।
- अमेरिका ने ट्रांस-पैसेफिक समझौते और यूनेस्को, एक संयुक्त राष्ट्र संगठन जिसका उद्देश्य शिक्षा को बेहतर बनाना और दुनिया भर में सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करना है, से भी अपना नाम वापस ले लिया था।

6. जलवायु परिवर्तन पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आरंभ हुआ___**नेपाल**।

**नोट:**

- सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिन्दु कुश हिमालय क्षेत्र में परिवर्तन के अनुकूल समग्र समाधान का पता लगाना है।
- भारत सहित 200 से अधिक वैज्ञानिक नीति निर्माताओं, सरकारी अधिकारियों और सांसदों ने सम्मेलन में भाग लिया।

7. नीति आयोग और चीनी विकास अनुसंधान परिषद के बीच वार्ता का तीसरा संस्करण आयोजित किया गया___ **बीजिंग, चीन**

**नोट:**

- बैठक की सह-अध्यक्षता नीति आयोग के उपाध्यक्ष, डॉ. राजीव कुमार, और श्री ली वेई, अध्यक्ष (मंत्री) डी.आर.सी, ने की।
- नीति आयोग - डी.आर.सी के बीच अगली चौथी वार्ता वर्ष 2018 में भारत में आयोजित की जाएगी।

8. भारत और किस देश ने स्वास्थ्य क्षेत्र में उन्नत सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू) पर हस्ताक्षर किए हैं___ **क्यूबा**।

**नोट:**

- इस समझौते का उद्देश्य, दो देशों के बीच स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक अंतर-मंत्रिस्तरीय और अंतर-संस्थागत सहयोग स्थापित करना है।

# महत्वपूर्ण दिवस

1. विश्व एड्स दिवस हर वर्ष मनाया जाता है___1 **दिसंबर**।

   **नोट**:
   - वर्ष 2017 'एड्स दिवस' का विषय- 'स्वास्थ्य का अधिकार' है।
   - 'एड्स दिवस' का मुख्य उद्देश्य जनता के बीच एड्स (Acquired Immuno Deficiency Syndrome, AIDS) के प्रति जागरूकता फैलाना है।
   - यह 'मानव प्रतिरक्षा अपूर्णता वायरस' (Human Immunodeficiency Virus (HIV)) के संक्रमण के कारण फैलने वाला एक महामारी रोग है।

2. नागालैंड राज्य ने अपना निर्माण दिवस मनाया ___1 **दिसम्बर**।

   **नोट**:
   - 1 दिसंबर, 1963 को नागालैंड भारत का 16 वां राज्य बना था।
   - नागालैंड राज्य की प्रमुख गतिविधि कृषि है और यहां की मुख्य फसलों में चावल, मक्का, बाजरा, दालें, तिलहन आदि शामिल हैं।

3. सीमा सुरक्षा बल ने अपना स्थापना दिवस मनाया__1 **दिसंबर**।

   **नोट**:
   - भारतीय सीमा सुरक्षा बल की स्थापना भारत-पाकिस्तान और भारत-चीन युद्ध के बाद 1 दिसंबर, 1965 को हुई थी।
   - 186 बटालियन और 2.4 लाख से अधिक सैन्य कर्मियों के साथ, बी.एस.एफ दुनिया का सबसे बड़ा सीमा सुरक्षा बल है।

4. रक्षा मंत्री 'निर्मला सीतारमण' ने सशस्त्र सेना सप्ताह शुरू किया___ **1-7 दिसंबर 2017**।

   **नोट**:
   - इसका उद्देश्य युद्ध में शहीद जवानों के परिवार जनों को वित्तीय योगदान पहुंचाना और हमारे देश के बहादुर पुत्रों और पुत्रियों के सम्मान का प्रोत्साहन करना है।
   - सशस्त्र सेना झंडा दिवस, वर्ष 1949 से, भारत में वार्षिक रूप से 7 दिसंबर को मनाया जाता है।

5. अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस मनाया गया__ **3 दिसंबर**।

   **नोट**:
   - इस वर्ष का विषय 'सभी का टिकाऊ और लचीले समाज की ओर रूपांतरण' है।

6. भारतीय नौसेना दिवस हर वर्ष मनाया जाता है___**4 दिसंबर**।

   **नोट**:
   - भारतीय नौसेना, भारत-पाकिस्तान युद्ध (4 दिसंबर, 1971 को) के दौरान भारतीय नौसेना की मिसाइल नौकाओं द्वारा कराची बंदरगाह पर साहसी हमले का सम्मान करने के लिए और उस युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के सम्मान हेतु नौसेना दिवस मनाती है।

7. अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवी दिवस (आई.वी.डी) हर वर्ष मनाया जाता है__**5 दिसंबर**।

   **नोट**:
   - वर्ष 2017 का विषय- 'यहां, हर कहीं- स्वयंसेवक पहले कार्य करता है (Volunteers act first, Here, Everywhere)' है।

8. विश्व मृदा दिवस हर वर्ष मनाया जाता है___**5 दिसंबर**।

   **नोट**:
   - वर्ष 2017 के मृदा दिवस का विषय- 'ग्रह की देखभाल भूमि से आरंभ होती है (Caring for the Planet starts from the Ground)' है।

- यह दिवस मिट्टी के महत्व को, प्राकृतिक व्यवस्था के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में और मनुष्य के लिए एक महत्वपूर्ण सहायक के रूप में और जैव विविधता की हानि एवं जलवायु परिवर्तन के शमनकर्ता के रूप को समझाने के लिए मनाया जाता है।

**9.** प्रत्येक वर्ष सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है__**7 दिसंबर**।

**नोट:**

- वर्ष 1949 से लगातार मनाया रहा यह दिवस, सैनिकों, वायुसैनिकों और नाविकों के बलिदानों को याद करने और उन्हें सम्मानित करने की एक परंपरा के रूप में मनाया जाता है।

## श्रद्धांजलियां

**1.** किस प्रसिद्ध गांधीवादी और प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी का निधन हो गया_**सरस्वती त्रिपाठी**।

**नोट:**

- वह स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय 'ब्रुंदबन त्रिपाठी' की पत्नी हैं।
- वह पुरी जिले में 'बेराबोई आश्रम' में 'महात्मा गांधी' से मिलीं और स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हो गईं।

**2.** कोलकाता में किस भारतीय पूर्व महिला क्रिकेटर और कोच का निधन हो गया__**श्रीरूपा मुखर्जी।**

**नोट:**

- उन्होंने भारत के लिए न्यूजीलैंड के विरुद्ध दो एक-दिवसीय मैच खेले थे।
- वह तीन विश्व कप- वर्ष 1993, 1997, 2000 के दौरान भारतीय महिला क्रिकेट टीम की मैनेजर भी थीं।

**3.** बॉलीवुड के किस किवदंती का मुंबई में कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में निधन हो गया__**शशि कपूर**।

**नोट:**

- वर्ष 1961 में, उन्होंने फिल्म 'धर्मपुत्र' से अपने फिल्मी सफर की शुरुआत की और 70 के दशक और मध्य 80 के दशक तक 116 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया।
- उनकी कुछ अविस्मरणीय फिल्मों में दीवार, कभी-कभी, नमक हलाल, काला पत्थर, आदि शामिल हैं।
- वर्ष 2011 में, उन्हें 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया गया था और उन्होंने प्रतिष्ठित 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार' वर्ष 2015 में प्राप्त किया था।

## खेल समाचार

1. विश्व युवा महिला मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज का खिताब किसने जीता___**अंकुशिता**।

**नोट:**

- अंकुशिता 64 कि.ग्रा वर्ग के फाइनल में रूस की 'एकातेरिना डिननिक' को हराकर भारत के लिए पांचवां स्वर्ण पदक हासिल किया।
- वह असम के मेगाई गिर्रानी गांव से हैं।

2. बैंकाक में इंडोर तीरंदाजी (Archery) विश्व कप में कांस्य पदक किसने जीता_**दीपिका कुमारी**।

**नोट:**

- कोरिया की 'किम सुरीन' ने 'दीपिका कुमारी' को 6-5 से हराया।

3. टेस्ट क्रिकेट में छह दोहरे शतक लगाने वाले पहले कप्तान__**विराट कोहली।**

**नोट:**

- विराट कोहली, विनोद कांबली के बाद एक के बाद एक दोहरा शतक बनाने वाले दूसरे भारतीय क्रिकेटर बने।
- टेस्ट मैचों में सबसे अधिक दोहरे शतक लगाने वालों की सूची में ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन, 12 शतकों के साथ शीर्ष पर कायम है, जिनके बाद निम्न खिलाड़ी हैं श्रीलंका के कुमार संगकारा (11), वेस्ट इंडीज के ब्रायन लारा (9), इंग्लैंड के वैली हैमंड (7) श्रीलंका के महेला जयवर्धने (7) और विराट कोहली (6)।

4. मुंबई के किस बल्लेबाज को अगले वर्ष होने वाले आई.सी.सी अंडर - 19 क्रिकेट विश्व कप के लिए 16- सदस्यीय भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया है_ **पृथ्वी शॉ**।।

**नोट:**

- आई.सी.सी अंडर- 19 क्रिकेट विश्व कप 2018, न्यूजीलैंड में 13 जनवरी से 3 फरवरी, 2018 तक आयोजित किया जाएगा।
- भारत ने अंडर- 19 क्रिकेट विश्व कप का खिताब तीन बार वर्ष 2000, 2008 और 2012 में जीता है।

5. अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आई.ओ.सी) ने वर्ष 2018 के शीतकालीन ओलंपिक खेलों में भाग लेने से किस देश को प्रतिबंधित किया है__ **रूस**।

**नोट:**

- वर्ष 2018 के शीतकालीन ओलंपिक खेल, दक्षिण कोरिया के प्योंगप्यांग में आयोजित किए जाएंगे।

6. पहली दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय बैडमिंटन टीम चैम्पियनशिप किसने जीती_ **भारत**।

**नोट:**

- अंतिम मैच गुवाहाटी के 'तरुण राम फूकन इंडोर स्टेडियम' में आयोजित किया गया था।

7. न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए निलंबित वेस्टइंडीज टीम के कप्तान_ **जेसन होल्डर**।

**नोट:**

- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आई.सी.सी) के अनुसार, वेलिंग्टन टेस्ट में वेस्टइंडीज को अपने निर्धारित लक्ष्य से तीन ओवर कम करने के कारण यह सजा सुनाई गई, जिस मैच में वे एक पारी और 67 रन से हार गए थे।

8. भारत के दो-बार के किस ओलंपिक पदक विजेता ने कुश्ती के राष्ट्रीय खेल पर्यवेक्षक के पद से इस्तीफा दे दिया__ **सुशील कुमार**।

**नोट:**

- वह मार्च में, तत्कालीन खेल मंत्री विजय गोयल द्वारा नियुक्त 12 राष्ट्रीय पर्यवेक्षकों में से एक थे।

9. यू.एस.ए के अनाहेम में आयोजित आई.डब्ल्यू.एफ विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में +105 किलोग्राम वजन श्रेणी में तीन नए वरिष्ठ राष्ट्रीय रिकॉर्ड किसने बनाए हैं___ **गुरदीप सिंह**।

**नोट:**

- उन्होंने स्नैच, क्लीन एवं जर्क, और समग्र भारोत्तोलन में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।
- उन्होंने 388 किलोग्राम (172 + 216) के कुल भारोत्तोलन के साथ 13 वां स्थान हासिल किया।


**----------0----------**

gradeup

# बैंकिंग और एसएससी ऑनलाइन मॉक टेस्ट सीरीज

- नवीनतम परीक्षा पैटर्न पर आधारित
- हिंदी एवं अंग्रेजी में उपलब्ध
- आल इण्डिया रैंक और परीक्षा विश्लेषण प्राप्त करें
- विस्तृत हल
- वेब और मोबाइल दोनों पर दिया जा सकता है

ANDROID APP ON Google play




www.gradeup.co